मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल।
:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 24-04.2013.

क्रमांक एफ 16–9/13/बी–ग्यारह : मेसर्स रेनबेक्सी लेबोरेट्रीज लि. का लगभग रू.310 करोड़ के स्थाई पंजी निवेश से औद्योगिक क्षेत्र, घिरोंगो–मालनपुर, जिला भिण्ड में 6612 मेट्रिक टन वार्षिक क्षमता का फार्मास्यूटिकल उत्पाद निर्माण परियोजना की स्थापना संबंधी प्रस्ताव के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि:–

1. मेसर्स रेनबेक्सी लेबोरेट्रीज लिमिटेड की प्रस्तावित परियोजना को उद्योग संवर्धन नीति, 2010 (संशोधित 2012) के प्रावधान के अनुसार निम्नानुसार सुविधा दी जावे:–
   (1) **उद्योग निवेश संवर्धन सहायता** – 75 प्रतिशत की दर से 10 वर्षों हेतु ।
   (2) **प्रवेश कर से छूट** – प्रथम कच्चा माल क्रय दिनांक से 5 वर्ष हेतु।
   (3) **रियायती दरों पर भूमि आवंटन**– 15 एकड़ भूमि निर्धारित प्रीमियम की 25 प्रतिशत दर पर एवं शेष भूमि निर्धारित प्रीमियम पर दी जावे।
2. नवीन परियोजना में भी विस्तारित/शवलीकृत/तकनीकी उन्नयन करने वाली परियोजनाओं के समान उत्पादन दिनांक से 3 वर्ष पूर्व एवं 3 वर्ष पश्चात तक किये गये निवेश को सुविधाओं के परिप्रेक्ष्य में गणना हेतु मान्य करने के संबंध में नीतिगत संशोधन करने हेतु पृथक से प्रस्ताव प्रस्तुत किया जावे।
3. परियोजना को आवंटित भूमि में पूर्व से स्थापित विद्युत वितरण लाईन इत्यादि के हटाने पर होने वाले संभावित व्यय का वहन इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलपमेन्ट कॉर्पोरेशन, ग्वालियर द्वारा किया जावे।
4. कम्पनी की अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(एम.एस. सोलंकी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
भोपाल, दिनांक 24-04.2013

पृ क्रमांक एफ 16–9/13/बी–ग्यारह,
प्रतिलिपि,

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/उर्जा विभाग/वाणिज्यिक कर विभाग, भोपाल।
3. उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि./एमपी स्टेट इन्डस्ट्रियल डेव्हलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल। कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध एम.पी. ट्राइफेक के साथ निष्पादित करना होगा।
5. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स रेनबेक्सी लेबोरेट्रीज लि., प्लाट नं. 12वी मंजिल, देविका टावर, 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 । कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध एम.पी. ट्राइफेक के साथ निष्पादित करना होगा।
6. प्रबंध संचालक, आईआईडीसी, ग्वालियर।
7. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, मालनपुर जिला– भिंड म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन